## संक्षिप्त

### पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 19 को

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के तत्वावधान में 19 अप्रैल को उदयपुर जिला जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला इकयुप्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन लवकुश इनडोर स्टेडियम में किया जाएगा। जिला पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव विनोद साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पुरुष एवं महिला खिलाडी मय आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं सेकेंडरी की अंकतालिका की फोटोप्रति के साथ 19 अप्रैल को सुबह 9 बजे तक प्रतियोगिता स्थल लव कुश इनडोर स्टेडियम पर खिलाडियों के वजन देते समय जमा करवाना अनिवार्य हैं। खिलाडयिों का वजन प्रात: 9 से 10.30 बजे तक लिया जायेगा । जबकि प्रतियोगिता प्रात:10.45 बजे प्रारंभ कर दी जायेगी । मास्टर वर्ग में 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाडी एवं सब जूनियर वर्ग में 18 वर्ष तक के खिलाडी एवं जूनियर वर्ग में 23 वर्ष तक की आयु के खिलाडी भाग ले सकते हैं।

### डॉ. कौशिक निदेशक नियुक्त

**उदयपुर ,(कासं)।** डॉ. आर. ए. कौशिक को राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में निदेशक (अनुसंधान)पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी यह महत्वपूर्ण नियुक्ति कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके दीर्घ अनुभव,उत्कृष्ट कार्यों एवं समर्पण का परिणाम है। डॉ.कौशिक इससे पूर्व महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए उदयपुर से निदेशक (प्रसार शिक्षा) एवं डीन (मत्स्यिकी)के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उदयपुर में कई अन्य प्रतिष्ठित पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।डॉ. कौशिक ने अपने अब तक के कार्यकाल में कृषि विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### बाइक सवार 2 युवकों की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** धंबोला थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार,पारडा दरियाटी निवासी किशन और उसका साथी प्रवीण बाइक पर जा रहे थे। सीमलवाडा राजपुर चौराहे के पास सामने से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशन और प्रवीण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ट्रैक्टर ड्राइवर महावीर बैरवा भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### श्रमिक की पानी में डूबने मौत

**उदयपुर, (कासं)।** नाई थाना क्षैत्र में पानी में नहाते समय डूबने से श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसारनाई थाना क्षैत्र कुम्हारिया खेड़ा नाई निवासी शंकर पुत्र केसुलाल गमेती मंगलवार सवेरे सिंधी घाटी में स्थित पत्थर खदान में भरे पानी में नहाने गया था। जहां पांव फिसलने पर गहराई में चलने जाने से पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

## दो गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** झाड़ोल थाना पुलिस ने अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 15 मार्च को पीडित अम्बालाल पुत्र राजमल वडेरा निवासीतलाई झाड़ोल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 14मार्च को मै अरानह में बाइक लेकर गोराणा से सामान खरीदने गया। वहां हुरिया वडेरा निवासी घाटावेला ढढावली मिला । जो मुझे विश्वास में लेकर पैदल लेकर गया। कुछ दूरी पर बाइक पर 10से 12 व्यक्ति मौजूद थे। जिन्होंने मुझे बाइक पर बिठाया। इस दौरान मेरे साथी बलवीर व मनीष ने विरोध किया तो तलवार दिखा कर धमकार कर सुनसान जगह ले गए। जहां मारपीट कर मोबाईल छिन लिया तथा रूपये ट्रांसफर कराने के बाद छोड़ कर फरार हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर आरोपी भेरा उर्फ भेरिया पत्रु हुरिया निवासी ढढावली फला घटावेला झाड़ोल, विक्रम निवासी बछार थाना झाड़ोल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# प्रशासकों को पदमुक्त करने के आदेश पर भड़का सरपंच संघ

■ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर आदेश निरस्त करने की मांग

**राजसमंद, (निसं)।** गत दिनों जिले की ग्राम पंचायत गुंजोल और पीपरडा के प्रशासकों को पदमुक्त किए जाने के विरोध में सोमवार को सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया।

संघ ने इस कार्रवाई को एकतरफा और द्वेषतापूर्ण करार देते हुए जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा को ज्ञापन सौंपा और आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में सरपंच संघ ने आरोप लगाया कि पंचायत समितियों के उच्च अधिकारियों द्वारा दबाव बनाकर सफाई कार्यों के टेंडर जारी करवाए गए थे। इन टेंडरों में अनुभवहीन फ र्मों और चहेते लोगों को काम सौंप दिया गया, जिसके चलते गांवों में वर्षों से सफ ाई कार्य कर रहे स्थानीय श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। संघ का कहना है कि ग्राम पंचायतें अपने सीमित बजट के बावजूद सफ ाई व्यवस्था को सुचारू रखने का हरसंभव प्रयास कर रही हैं, लेकिन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष संदीप श्रीमाली, चन्द्रभानसिंह मोयणा, भाणा प्रशासक नोकलाल कुमावत, बनेडिया योगेन्द्रसिंह, कुंवारिया ललित श्रीमाली, बडारडा गणेश कुमावत, कोठारिया अजयसिंह, गुंजोल किशनलाल गाडरी, उथनोल विजेन्द्रसिंह, खड बामनिया पुरण कुंवर, मुंडोल नारायणसिंह राठौड सहित प्रशासक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सरपंच संघ ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि हाल ही में शिक्षा मंत्री के दौरे के दौरान सफ ाई व्यवस्था में पाई गई खामियों के आधार पर गुंजोल और पीपरडा के प्रशासकों को पद से हटाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि सफ ाई व्यवस्था में कमी थी, तो जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों की तय होनी चाहिए थी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए थी। इसके विपरीत ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने में विफल रहे अधिकारियों के बजाय सीधे जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाया गया ह, जिससे उनकी सामाजिक छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। संघ ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां ठेकेदारों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, वहीं दूसरी ओर पंचायतों पर उनका भुगतान करने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। सरपंच संघ ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि पदमुक्त करने के आदेश वापस नहीं लिए गए, तो आने वाले दिनों में जिले भर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## वृद्ध की हत्या करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना पुलिस ने वृद्ध की हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 अप्रेल को पीडित हरिश पुत्र सोहनलाल पालीवाल निवासी सेमटाल गोगुन्दा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि बाईक से दुध लेकर गांव से वणी होते हुए गोगुन्दा की तरफ जा रहा था। जहां बीच रासते आशापुरा होटल से पहले बाइक पर तीन व्यक्ति पिछे से आए तथा मेरे बडे पापा शंकरलाल की बाइक को रोक कर चाकू दिखा कर जेब व बैग से रूपये मांगे।

विरोध करने पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर बैग से नकदी लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए टीकम चंद पुत्र मनोहरलाल निवासी रामा सुखेर व लक्ष्मणसिंह निवासी वणी गोगुन्दा को गिरफ्तार किया। इस मामले में मनीष गमेती निवासी रामा सुखेर, विरेन्द्रसिंह उर्पु विजु निवासी खण्डावली उषाण खमनोर राजसमन्द तथाा मनोहरसिंह निवासी वणी गोगुन्दा फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। मुख्य आरोपी मनीष शंकर की हत्या करने की नियत से साथी मनोहरसिंह व उसके मित्र मनीष पुत्र कालु निवासी रामा से संपर्क कर घटना को अंजाम देने के लिए तैयार कर बदले में 1 लाख रूपये देना तय किया। मनीष ने अपने साथी वीरेन्द्र सिंह उर्फ विजु निवासी खण्डावली उषाण खमनोर व टिकम चन्द्र उर्फ टिकसा पुत्र मोहन गमेती निवासी रामा सुखेर से संपर्क कर तीनों को योजना बना कर2 अप्रेल को मनोहरसिंह ने गोगुन्दा भेजा। वहां से वणी पुलिया के पास आकर मुख्य आरोपी लक्ष्मणसिंह से मिल कर योजना तयक कर मुख्य आरोपी लक्ष्मणसिंह ने बाइक पर मनीष को बैठा कर वणी तक का रास्ता दिखाया।

## यूरोलॉजिस्ट डॉ. विश्वास बाहेती का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** आज के आधुनिक दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एआई तकनीक मरीजों के लिए कई प्रकार से लाभदायक साबित हो रही है और उपचार प्रक्रिया को अधिक तेज, सटीक एवं प्रभावी बना रही है। एआई की मदद से बीमारियों की पहचान शुरुआती चरण में ही संभव हो रही है।

इसी विषय के अंतर्गत में गीतांजलि हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विश्वास बाहेती का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है । डॉ. बाहेती ने स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित एक लाइव स्ट्रीम में भाग लिया, जिसे यूट्यूब पर सबसे अधिक 17,999 दर्शकों ने देखा। इस उपलब्धि के लिए राष्ट ीय चिकित्सा विज्ञान बोर्ड (एनबीईएमएस) और डॉ. अभिजात सेठ एवं डॉक्टर विश्वास बाहेती सहित सभी दर्शकों का नाम 25 फरवरी को दिल्ली में गिनीज बुक में दर्ज हुआ ।

डॉ. बाहेती ने बताया कि टेक्नोलॉजी आज के समय में मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है, इसके माध्यम से एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और अन्य मेडिकल रिपोर्ट्स का विश्लेषण एआई बेहद कम समय में कर लेता है, जिससे डॉक्टरों को सही निदान में सहायता मिलती है। कैंसर, हृदय रोग और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं जैसी गंभीर बीमारियों का पता समय रहते लगने से मरीजों के उपचार की सफलता की संभावना बढ जाती है। इसके अलावा एआई आधारित मशीनें और सॉफ्टवेयर मरीज की स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रख सकते हैं। इससे डॉक्टरों को मरीज की स्थिति में होने वाले बदलाव की तुरंत जानकारी मिल जाती है।

## 'समता व शिक्षा के पथ प्रदर्शक थे अम्बेडकर'

**उदयपुर, (कासं)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने डॉ. अम्बेडकर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित, राष्ट्र प्रेम एवं सर्वजन हिताय के लिए समर्पित विचारधारा का नाम है डॉ. भीमराव अम्बेडकर।

शिक्षा के बिना उत्कर्ष नहीं, अत: राष्ट्र के प्रत्येक समुदाय को शिक्षा से जोड़ना तथा उनके भीतर राष्ट्रीयता व राष्ट्रवाद के बीज को रोपित करने के प्रयास द्वारा ही उत्कृष्ट भारत का निर्माण संभव है। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की जो अवधारणा दी, वह आज हमारे लिए मार्गदर्शक है। वे केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्किमहान विचारक, समाज सुधारक और शिक्षाविद भी थे। उन्होंने जीवन में संघर्षों के बावजूद समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकता है।


**कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द**

क्रमांक: न.प.रा./भू.रूपा./2026/03-04/ दिनांक: 13.04.2026

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बंशीलाल पिता श्री मांगीलाल पाराशर निवासी जे.के. बाई पास बीएचएडब्ल्यूएएन आई नव, राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम धोईन्दा आराजी संख्या 1883 रकबा 0.2509 हैक्टेयर में से भूखण्ड क्षेत्रफल 932.99 वर्गमीटर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ का पट्टा बनाने हेतु निर्धारित प्रारूप 14 में आवेदन पत्र, प्रारूप 15 में शपथ पत्र व प्रारूप 16 में क्षतिपूर्ति बंध पत्र के साथ स्वीकृत ले-आऊट प्लान की प्रति, राजस्व मानचित्र ट्रेस की प्रति, जमाबन्दी की नकल, 90-बी पारित आदेश, माननीय न्यायलय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश राजसमन्द द्वारा जारी डिक्री व अन्य सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत किये है। अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबूत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं. 9919 **लोक सूचना** दिनांक: 10/3/26

श्री हिम्मतलाल पिता श्री मोहनलाल कुमावत निवासी माताजी के मन्दिर के पास बडारडा तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | कांकरोली | 538 | रकबा 0.0647 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............ को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगरपरिषद,राजसमन्द

**MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY, UDAIPUR**

No.F.85/Gen/MLSU/2026/4269 Dated: 11-04-2026

**ADMISSION NOTIFICATION: 2026-27**

Applications are invited for admission to Undergraduate (UG) Programmes, Diploma, and Certificate programmes for the academic session 2026–27.

Interested candidates are required to apply online along with an application fee of Rs. 200/- through Internet Banking. The online application process will commence from **15th April, 2026**, and the last date for submission of applications is **30th May, 2026** for all programmes.

**Note**: Some programmes require an entrance test. The entrance examinations will be conducted between 15th June, 2026 and 25th June, 2026. A separate notification will be issued by the respective programme Coordinators regarding the same.

For detailed information about programmes and further updates, candidates are advised to regularly visit the University website: www.mlsu.ac.in

REGISTRAR


# सामाजिक न्याय की प्रतिमूर्ति थे डॉ. भीमराव अम्बेडकर : विधायक दीप्ति माहेश्वरी

**राजसमंद, (निसं)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब सामाजिक न्यायए समानता और मानव अधिकारों के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से देश को एक नई दिशा दी और समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया।

अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर नगर के अंबेडकर सर्किल पर आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में विधायक माहेश्वरी सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।विधायक माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि उनका संदेश खुद को शिक्षित करो, क्योंकि शिक्षा प्रगति की रीढ है आज भी उतना ही प्रासंगिक है। शिक्षा ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और समाज में समानता स्थापित करती है।

**डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार :** जन संगठनों के सांझा मंच द्वारा भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष हेमंत खराडी ने कहां कि समाजवाद और आर्थिक समानता के बिना दलितों एवं मेहनतकश इंसानों की पूर्ण मुक्ति संभव नहीं है।

**बांसवाड़ा संवाददाता के अनुसार :** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सुबह से लेकर देरशाम तक अंबेडकर चौराहा बाबा साहेब अमर रहे के नारों से गूंजता रहा। विभिन्न संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की वहीं विप्र फाउंडेशन महिला एवं युवा प्रकोष्ठ की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवक, युवतियों और आदिवासी आरक्षण मंच के पदाधिकारियों ने सभा कर संविधान निर्माता युगपुरुष बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**उदयपुर संवाददाता के अनुसार :** भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को उदयपुर शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शहर में दो अलग.अलग रूट से रैलियां निकली जिनमें बडी संख्या में लोग शामिल हुए। रैलियों में बाबा साहब के जीवन से जुडी झांकियां शामिल थी। युवा वाहनों पर चल रहे थे। साउंड सिस्टम के जरिए देशभक्ति गीतों के साथ जोश और उत्साह दिखाई दे रहा था।

अलग.अलग दिशाओं से रैली में डीजे व गाजे बाजे के साथ बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाते हुए लोग चल रहे थे। रैली में गवरी नृत्य,वाद्य यंत्र,झांकियां,बैंड और पांच घोडों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा रथ में थी।भीमराव जयंती समारोह समितिए भीम आर्मी व अन्य संगठन के बैनर तले ये रैलियां निकली। एक रैली सुबह कोर्ट सर्कल से शुरू हुई। रैली देहलीगेट,टाउनहॉल,सूरजपोल,बापू बाजार,अश्विनी बाजार,हाथीपोल और चेतक सर्किल होते हुए कोर्ट चौराहा पहुंची। इस दौरान यहां पर सभी वाहनों का प्रवेश बंद किया गया।शहर में एक अन्य रैली रेती स्टैंड के भीलूराणा सर्किल से निकली। ये रैली पारस तिराहा,पटेल सर्किल, उदियापोल,सूरजपोल,बापू बाजार, देहलीगेट, अश्विनी बाजार, हाथीपोल, चेतक सर्किल होते हुए कोर्ट सर्किल पहुंची।

कार्यक्रम में प्रमुखजनों ने संबोधित किया और बाबा साहेब के देश के लिए किए गए कार्यों को याद किया। समारोह में 356 प्रतिभाशाली एससी.एसटी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।कोर्ट चौराहा पर हुए कार्यक्रम में जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल,एडीएम दीपेंद्र सिंह राठौड,सीईओ विरमा राम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर सहित अधिकारियोंए कर्मचारियों, स्कूल,छात्रावास के विद्यार्थियों ने बाबा साहेब को नमन किया। कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों और बच्चों ने संविधान की शपथ ली।

## अम्बेडकर की जयंती मनाई

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेड्कर की135वीं जयन्ती पर एक छात्र संगोष्ठी का आयोजन राजस्थान कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के आई.पी.एम. सभागार में किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों,महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेड्कर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् डॉ. मनोज कुमार महला,छात्र कल्याण अधिकारी एवं अधिष्ठाता,राजस्थान कृषि महाविद्यालय ने अतिथियों का स्वागत उपरणा ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया और उन्होनें अपने स्वागत उद्बोधन में भारत की स्वतन्त्रता पर डॉ. अम्बेड्कर द्वारा किये गये देश हित के कार्यो को उजागर करते हुए छात्र-छात्राओं से आव्हान किया कि राष्ट्र की आजादी और उसके अस्तित्व को बचाए रखनें का दायित्व युवाओं पर है।

मुख्य अतिथिडॉ. उमा शंकर शर्मानेडॉ. भीमराव अम्बेड्कर केद्वारा भारत के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान निर्माण में उनका योगदान अद्वितीय और अतुलनीय है। उन्होंने विशेष रूप से महिला शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है।

# शनि महाराज आली का तीन दिवसीय वार्षिक कल से

■ पहले दिन होगा ध्वजारोहण, रात को होगी भजन संध्या, मंदिर को रोशनी से सजाया

**कपासन, (निसं)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री शनि महाराज आली का तीन दिवसीय वार्षिक मेला 16 अप्रैल, गुरुवार से धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुरू होगा। मेले में तीनों दिन भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

तीर्थस्थल की प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह के अनुसार, मेला 16 अप्रैल गुरुवार को सुबह धार्मिक अनुष्ठानों और ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगा। मेले में तीनों ही दिन रात्रि को भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरुवार रात को मेला ठाउंड के रंगमंच पर विशाल भजन संध्या होगी। इसमें रात 8:30 बजे से 11 बजे तक महाकाल म्यूजिकल ठ्रुप और हंसा रंगीली एंड पार्टी कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। भजन गायक धनराज कोशीथल के साथ विनेश छेला और मिस साया मेवाड़ी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रात 11 बजे के बाद न्यू राजस्थानी म्यूजिकल ठ्रुप की ओर से प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा एंड पार्टी कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। शुक्रवार रात को न्यू चामुंडा म्यूजिकल ग्रुप और महाकाल ग्रुप कोटा की ओर से राजस्थानी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम होगा। इसमें कई धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

समीर सरगम कोटा, रमेश कुमावत, काजल मेहरा, कृष्णा भीलवाड़ा, कोमल रंगीली, पिंकी कोटा और मुस्कान कोटा जैसे कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

शनिवार को न्यू राजस्थानी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक पूरण गुर्जर, तृषा सुधार (उदयपुर), तिलकेश सुधार (राजसमंद) भजन प्रस्तुत करेंगे। शालू नागौरी, पूजा राजस्थानी और सोनू सैनी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले का समापन शनिवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा।

कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तीर्थ स्थल पर मेलार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, सुरक्षा और चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। मेला ठाउंड पर दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं और मनोरंजन के लिए झूले-चकरी आदि भी लगाए जा चुके हैं। बस स्टैंड से मंदिर परिसर तक आकर्षक लाइट डेकोरेशन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है।

तीर्थ स्थल पर 16 सीसीटीवी कैमरों की मदद से नजर रखी जाएगी। कमेटी की ओर से 30 से अधिक सुरक्षा गार्ड व्यवस्था में लगेंगे। पुलिस का विशेष जाब्ता भी तैनात रहेगा।




# अलवर : ट्रक में घुसी बस, पति-पत्नी और बेटी की मौत, 30 जने घायल

## हादसे में घायल 30 में से 12 लोग अलवर रेफर, दो घायलों को जयपुर भिजवाया

**अलवर, (निसं)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुई बस-ट्रक की टक्कर में पति-पत्नी और उनकी आठ साल की बेटी की मौत हो गई। वहीं दो साल की बेटी के खरोंच तक नहीं आई। बच्ची को राजगढ़ थाने ले गए और उसे कुछ खिलाने की कोशिश की। हालांकि बच्ची रोते हुए बार-बार अपनी मां को याद कर रही थी। वहीं हादसे में 30 जने घायल हो गये। हादसा अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे हुआ।

एसएचओ ने बताया कि हादसे में फिरोजाबाद निवासी ड्राइवर मोनू यादव (33) पुत्र संतोष यादव, उसकी पत्नी रीना यादव (32) और बेटी डोली यादव (8) की मौत हो गई। हादसे में घायल 30 में से 12 लोग अलवर रेफर किए हैं। वहीं, दो को जयपुर रेफर किया गया है। अन्य घायल को राजगढ़ और रैणी के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। पुलिस के अनुसार बस उज्जैन से दिल्ली जा रही थी। आरोप है कि बस ड्राइवर की लापरवाही के कारण केमिकल से भरे खड़े ट्रक में घुस गई। एसएचओ राजेश मीणा ने बताया कि एक्सीडेंट रैणी थाना क्षेत्र में पिनान के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चैनल नंबर-100 इंटरचेंज पुलिया के पास हुआ। घायल पैसेंजर्स का आरोप है बस की स्पीड बहुत ज्यादा थी। ड्राइवर को झपकी आ रही थी। उसे बस साइड में रोकने के लिए कई बार कहा था, लेकिन वो ड्राइव करता रहा। घायलों ने आरोप लगाया कि हादसे के करीब दो घंटे बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे स्थानीय लोग और यात्रियों में नाराजगी है। वहीं, जिस ट्रक से टक्कर हुई है उसके ड्राइवर की भी तलाश की जा रही है।



हादसे में बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।

- बस उज्जैन से दिल्ली जा रही थी, आरोप है कि बस ड्राइवर की लापरवाही से केमिकल से भरे खड़े ट्रक में घुस गई
- घायल यात्रियों का आरोप है बस की स्पीड बहुत ज्यादा थी, ड्राइवर को झपकी आ रही थी, उसे बस साइड में रोकने के लिए कई बार कहा था, लेकिन वो ड्राइव करता रहा

# बाड़मेर में कार-पिकअप भिड़ंत में दम्पति सहित चार की मौत, एक घायल

**बाड़मेर, (कासं)।** बाड़मेर-जैसलमेर सड़क मार्ग पर हरसानी फांटे के पास मंगलवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी, बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत, ग्रामीण थाना पुलिस सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली तथा घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया तथा एक का उपचार चल रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे बाड़मेर-जैसलमेर मार्ग पर हरसानी फांटे के पास बाड़मेर आ रही सेंट्रो कार और जैसलमेर की तरफ जा रही पिकअप में भिड़ंत हो गई। सूचना पर प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारी मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को गाडी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया तथा एक घायल का उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक हादसे में कार सवार जोधपुर के भोपालगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी बाबूलाल पुत्र दयाराम व उसकी पत्नी बेबी, पुत्र तथा धीरेंद्र वर्मा सभी चारों लोगों की मौत हो गई तथा पिकअप चालक किशनाराम निवासी फतेहगढ़ घायल हो गया। मृतक बाबूलाल निजी कंपनी में इंजीनियर थे। मौके पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# उदयपुर : ट्रक-कार की टक्कर में सास व दामाद की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** बेकरिया थाना क्षेत्र के उदयपुर-पिंडवाडा हाईवे पर मालवा चौराहे के पास मंगलवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे से बचने के लिए पीछे आ रहा एक ट्रेलर भी अचानक से ब्रेक लगाने के चलते 20 फीट पहले पलट गया। ट्रक और कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में बैठे युवक और उसकी सास की मौत हो गयी जबकि एक बच्चा सहित ट्रक चालक और ट्रेलर चालक घायल हैं। कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम और बेकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बेकरिया थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि हादसे में मावली निवासी महिला दया शर्मा व उनके दामाद पुष्पराज की मौत हो गई। दस वर्षीय हर्षवर्धन घायल हो गया। कार सवार उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे से जोधपुर जा रहे थे। तभी मालवा चौराहे पास तेज रफ्तार ट्रक ने इनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक के चोटें आई, जबकि अनियंत्रित होकर पलटे ट्रेलर का चालक घायल है।

# बांसवाड़ा में बीएपी नेता के भाई की संदिग्ध मौत

## रात दो बजे झाड़ियों में घायल पड़ा मिला युवक, उपचार के दौरान मौत

**उदयपुर, (कासं)।** बांसवाडा में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) से जुड़े नेता के भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने पीट पीटकर हत्या का आरोप लगाया है जबकि पुलिस प्रेम-प्रसंग के एंगल से जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार बीएपी नेता अशोक निनामा के भाई अनिल (28) खमेरा थाना क्षेत्र के काली मगरी इलाके में गंभीर घायल अवस्था में मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अनिल बांसलिखेड़ा के रहने वाले थे। वे अपने घर से करीब 6 किलोमीटर दूर झाड़ियों में घायल मिले थे। जांच में अशोक निनामा ने बताया है कि रात करीब 2 बजे उनके पास सरपंच प्रकाश का कॉल आया था। सरपंच ने पूछा कि तुम्हारा भाई कहां है? अशोक के अनुसार सरपंच ने उन्हें लोकेशन बताई और कहा कि अनिल यहां पड़ा है, आकर ले जाओ। परिजनों के साथ जब अशोक बताए गए स्थान काली मगरी के पास पहुंचे। उन्हें झाड़ियों से अनिल की चीखने की आवाज आई। जब हम उनके पास पहुंचे तो वह बहुत बुरी हालत में था। उसने बताया कि रात करीब साढे 12 बजे से उसे घसीट-घसीट कर पीटा गया है। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और अनिल को गंभीर हालत में पहले स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से अनिल को बांसवाडा रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घाटोल डिप्टी महेंद्र मेघवंशी ने बताया कि प्रेम-प्रसंग के एंगल से जांच की जा रही है। घटना के बाद युवक अनिल से रात में पुलिस ने बयान भी ले लिए थे। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। पुलिस कॉल डिटेल्स की भी जांच कर रही है।

# अजमेर में बीसलपुर लाइन से अवैध कनेक्शन लेने पर एक जने को पकड़ा

**अजमेर, (निसं)।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही अजमेर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है, लेकिन इसी बीच कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए सरकारी जल संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। माखुपुरा क्षेत्र में जलदाय विभाग ने बीसलपुर की मुख्य पाइपलाइन में सेंध लगाकर अवैध कनेक्शन लेने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ लिया।

जलदाय विभाग की एक्सईएन निशा मीणा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार कम प्रेशर की शिकायतें मिल रही थी। इस पर जेईएन बीना मीणा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक खेत में बने टैंक तक पाइपलाइन जाती दिखाई दी। संदेह होने पर पानी की जांच की गई, तो वह बीसलपुर का मीठा पानी निकला। जांच में सामने आया कि माखुपुरा निवासी लेखराज ने मुख्य पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन लेकर खेत में टैंक भर रखा था और उसी पानी से सिंचाई कर रहा था। मौके पर जब उससे संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए एईएन सत्यवीर मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार किया। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अवैध जल कनेक्शन के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी मुख्य पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन लेकर खेत में टैंक भरकर सिंचाई कर रहा था

अधिकारियों का कहना है कि इस तरह मुख्य लाइन में छेड़छाड़ से आगे के क्षेत्रों में पानी का दबाव कम हो जाता है, जिससे आम जनता को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

# इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 43 किलो पोस्त बरामदगी के मामले में पिछले 9 माह से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीलीबंगा का लिखमीसर निवासी श्रीभगवान (37) है, जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। यह मामला पीलीबंगा थाने में दर्ज किया गया था, जिसमें श्रीभगवान लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# चोरी की वारदात का खुलासा

**भरतपुर, (निसं)।** राजेंद्रनगर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए थाना मथुरागेट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मथुरा गेट थानाधिकारी हरलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी का नाम बलवीर उर्फ भाऊ पुत्र ओंकार सिंह निवासी मोरी चार बाग थाना मथुरागेट बताया गया है। गौरतलब है कि राजेंद्रनगर निवासी एडवोकेट प्रीति शर्मा ने 11 अप्रैल की रात जब उनका परिवार उज्जैन गया हुआ था, तब सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 1.31 लाख रुपये की नकदी, चांदी के आभूषण, सिक्के, टीवी, डीवीआर और कैमरे चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर करोड़ों की ठगी, छह जने गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला पुलिस ने सायबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सायबर हंट के तहत कार्यवाही करते पुलिस ने 6 सायबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 12 मोबाइल फोन और 17 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी देशभर के लोगों को फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी का शिकार बना रहे थे।

- पुलिस ने बताया कि आरोपी मोबाइल फोन से लोगों से संपर्क कर खुद की पहचान बदलकर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा देते थे

पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिले में लगातार ऑपरेशन सायबर हंट चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस को सूचना मिली कि भासोर से बनकोडा रोड पर कुछ लोग मोबाइल से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। सूचना पर सागवाड़ा थाना पुलिस एवं जिला सायबर सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर भासौर-बनकोडा रोड स्थित तालाब के पास के पास पहुंची। पुलिस ने घेरा डालकर मौके से 6 युवकों को पकड लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोबाइल फोन से लोगों से संपर्क कर खुद की पहचान बदलकर एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। आरोपी विभिन्न वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अश्लील फोटो भेज लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद एडवांस पेमेंट के नाम पर फर्जी खातों में पैसे डलवाकर सायबर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था। मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है। पुलिस ने मामले में आरोपी मुकेश पुत्र नानजी पाटीदार निवासी बोडीगामा छोटा, मुकेश पुत्र मोगजी पाटीदार निवासी बोडीगामा बड़ा, लालजी पाटीदार निवासी लौकियां बनकोडा, पंकज पाटीदार निवासी लौकियां बनकोडा, पियूष पटेल निवासी रायणा और कमलेश पाटीदार निवासी गामडी देवकी को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन और 17 फर्जी सिम कार्ड बरामद किये।

# अजमेर में दरगाह क्षेत्र में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त

**अजमेर, (निसं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के निकट स्थित सोलह खंभा शौचालय परिसर में कथित अवैध निर्माण के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। 8 अप्रैल को डीबी सिविल अवमानना याचिका संख्या 1301/2023 पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति इंदरजीत सिंह और न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने नगर निगम अजमेर के आयुक्त को निर्देश दिए कि स्वीकृत नक्शे के विपरीत किए गए निर्माण को हटाने के लिए की गई कार्रवाई का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

- नोटिस के बाद दरगाह कमेटी ने तोड़फोड़ शुरू की

याचिकाकर्ता सैयद फखर काजमी चिश्ती, सैयद बाबर हुसैन चिश्ती, अब्दुल नईम, गुलाम मुस्तफा और अनवर अली ने अधिवक्ताओं आशीष सक्सेना और हर्षित मित्तल के माध्यम से याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया गया कि दरगाह कमेटी ने शौचालय के लिए निर्धारित भूमि पर नियमों के विरुद्ध निर्माण किया और स्वीकृत नक्शे से अलग बदलाव किए। निगम की ओर से प्रस्तुत जवाब में भी यह स्वीकार किया गया कि निर्माण स्वीकृत योजना के अनुरूप नहीं है। इस पर न्यायालय ने विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

इसी बीच नगर निगम से नोटिस मिलने के बाद दरगाह कमेटी ने स्वयं ही अवैध हिस्सों को तोड़ना शुरू कर दिया है। मौके पर कार्रवाई जारी है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

# छह माह से फरार चल रहा पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने करीब 25 दिन तक फाइनेंसकर्मी बनकर इलाके में रेकी की थी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पुलिस थाना बिजौलियां ने पॉक्सो अधिनियम के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले छह माह से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र बावरी को गिरफ्तार कर लिया है।

अजमेर रेंज आईजी राजेंद्र सिंह और भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एएसपी (मुख्यालय) पारस जैन व वृत्ताधिकारी माण्डलगढ़ बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। मामला करीब 6 माह पुराना है, जब आरोपी धर्मराज ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद से ही आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था। आरोपी की गंभीरता को देखते हुए एसपी भीलवाड़ा ने उस पर इनाम घोषित किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए बिजौलियां थाने के कांस्टेबल राजवीर की अहम भूमिका रही। आरोपी की तलाश में राजवीर पाली जिले के सोजत सिटी पहुंचे। वहाँ आरोपी की पहचान और सटीक लोकेशन का पता लगाने के लिए राजवीर ने अपनी पहचान छिपाई और करीब 25 दिनों तक फाइनेंसकर्मी बनकर इलाके में रेकी की। स्थानीय स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाने के बाद जैसे ही आरोपी के ठिकाने की पुष्टि हुई, टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस सफल कार्यवाही में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या, कांस्टेबल राजवीर और कांस्टेबल विश्राम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपी धर्मराज पुत्र शेषाराम बाबरी, सोजत सिटी (पाली) का निवासी है। पुलिस अब आरोपी से अग्रिम पूछताछ कर रही है।

# अगले सप्ताह में तपिश और बढ़ेगी

**बीकानेर, (निसं)।** सूरज के तेवर अब तीखे होने लगे हैं। गर्मी ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री और रात का न्यूनतम पारा 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो यह तो महज शुरुआत है। आने वाले एक सप्ताह में तपिश और बढ़ेगी।

मौसमी गणनाओं के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया तक गर्मी ओर तेज होगी। अगले सात दिनों के भीतर तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। यानी आने वाले दिनों में बीकानेर का पारा 42 डिग्री के पार जा सकता है। आसमान पूरी तरह साफ रहने के कारण धूप सीधी जमीन पर आएगी। जिससे हीट वेव जैसी स्थिति बन सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल किसी भी बड़े पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय न होने के कारण हवाओं की दिशा बदल गई है।

# दुष्कर्म के दोषी पिता को बीस साल की कैद

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** समाज के सबसे पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाले पिता को 20 साल कठोर कैद की सजा सुनाई गई है। दोषी पर 1 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। वहीं अगर जुर्माना जमा नहीं करवाया तो दोषी को 6-6 माह की सजा ज्यादा भोगनी होगी। दोषी ने अपनी ही जैविक बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। यह फैसला पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत संख्या दो की ओर से 13 अप्रैल को सुनाया।

न्यायालय के एसपीपी हरवीरसिंह बराड़ ने बताया कि जिले के एक थाना क्षेत्र में यह घटना 31 अक्टूबर 2025 की दोपहर को हुई थी। पीड़िता घटना के दिन 12 साल 7 माह 29 दिन की ही थी। दोषी 40 वर्षीय पिता ने बच्ची को अपने छोटे भाई को जन्म के 13 दिन बाद ही गोद दे दिया था। घटना की दोपहर पीड़िता को दोषी घर में सरसों के बैग अंदर करवाने का कहकर लेकर गया। उस समय घर में कोई नहीं था। पीड़िता ने घटना के बाद अपने घर लौटकर भाभी को इसके बारे में बताया। इसके बाद परिवार के सदस्यों को फोन करके घर बुलाया गया। शाम को थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। एसपीपी हरवीर बराड़ ने बताया कि घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था। लेकिन पुलिस की ओर से घटना के दौरान पीडिता तथा दोषी के पहने कपड़ों और मेडिकल के दौरान लिए गए सैंपल की एफएसएल जांच करवाई गई। इसके अलावा मेडिकल जांच रिपोर्ट में भी पीड़िता के साथ दुराचार होने की पुष्टि की गई। एफएसएल रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। यही सजा के मुख्य आधार बने।

# दिव्यांग विवाहिता को दहेज के लिए घर से निकाला

**नापासर, (निसं)।** थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के 10 सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। 29 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुराल पक्ष 5 लाख रुपये नकद और एक पिकअप गाड़ी की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह मई 2022 में चूरू निवासी मनोज नाथ के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी और ननद सहित अन्य परिजन कम दहेज का ताना देकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे। आरोप है कि दिव्यांग होने के कारण उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता था। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने पीड़िता को घर से निकाल दिया और शर्त रखी कि मांग पूरी होने पर ही उसे घर में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा, ससुराल पक्ष ने पीड़िता के पिता को भी जान से मारने की धमकी दी। नापासर पुलिस ने बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थानाधिकारी सुषमा शेखावत इस मामले की गहन जांच कर रही हैं।

- पति समेत 10 ससुराल वालों पर पांच लाख रुपये और पिकअप मांगने का आरोप
- ससुराल पक्ष ने पीड़िता के पिता को भी जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज

# अजमेर में सूने मकान से लाखों की चोरी

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र के बड़लिया गांव में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना सोमवार की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मकान मालिक विक्रम सिंह अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए सुबह करीब 9 बजे घर से गए थे। रात करीब 11 बजे लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। चोर मकान की जाली तोड़कर अंदर घुसे और आलमारी व पलंग में रखे जेवरात एवं नकदी चुरा ले गए। सामान की कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपए बताई जा रही है। सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को मौके से सरिया भी मिला है, जिससे जाली तोड़ी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रशासन ने नजरबंद किया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रशासन ने हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर दिया है। विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर 25 बीबी स्थित घर में मौजूद हैं। घर के बाहर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है। इधर, घर के अंदर अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम रखा गया। इसमें विधायक कुन्नर ने समर्थकों को संबोधित किया। कांग्रेस विधायक रुपिंदर कुन्नर ने इस कार्रवाई को तानाशाही बताया।

- श्रीगंगानगर-पदमपुर स्टेट हाईवे पर टोल वसूली के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन पिछले 42 दिन से जारी है, विधायक कुन्नर समर्थकों के साथ 18 बीबी टोल प्लाजा पहुंचे और धरने पर बैठ गए थे

जानकारी अनुसार श्रीगंगानगर-पदमपुर स्टेट हाईवे पर टोल वसूली के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन पिछले 42 दिन से जारी है। श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर समर्थकों के साथ 18 बीबी टोल प्लाजा पहुंचे और धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद विधायक और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। देर रात को पुलिस ने कुन्नर और समर्थकों को हिरासत में ले लिया था, लेकिन कुछ समय बाद छोड़ दिया था। वहीं, प्रशासन ने मंगलवार सुबह हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए टोल को फिर से शुरू करवा दिया।

टोल प्लाजा पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। विधायक कुन्नर की अपील पर मंगलवार सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग 25 बीबी स्थित उनके घर पर पहुंचे। वहां डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई गई। कुन्नर ने कहा कि अवैध टोल वसूली बंद करने की मांग को दबाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए टोल वसूली जारी रखी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की

**चिड़ावा, (निसं)।** सोमवार रात एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना पिलानी रोड स्थित पुराने डिप्टी ऑफिस के सामने एक किराए के मकान में हुई। पुलिस ने बताया कि कलगांव निवासी 25 वर्षीय प्रियंका मेघवाल की शादी करीब तीन वर्ष पहले लोटिया निवासी मनोज कुमार से हुई थी। पिछले लगभग दो माह से वे चिड़ावा में एक किराए के मकान में रह रहे थे। परिजनों के अनुसार प्रियंका सोमवार को किसी काम से चिड़ावा आई थी। रात को उसने पति मनोज को फोन कर बताया कि उसे देर हो जाएगी। मनोज ने उसे चिड़ावा में ही रुकने या गांव आने को कहा। प्रियंका अपने किराए के मकान पर रुक गई। रात को बार-बार फोन करने पर भी जब प्रियंका ने जवाब नहीं दिया। तो परिजन चिड़ावा पहुंचे। वहां उन्होंने प्रियंका को कमरे में फंदे पर झूलता पाया।

